# First Research Award Ceremony 2022

## Amar Ujala Page No. 07 03.11.2022

# अंबेडकर विविः संकाय सदस्य और शोधार्थी सम्मानित

नई दिल्ली। डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय में बुधवार को पहला अनुसंधान पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, उच्च शिक्षा सचिव एलिस वाज आर., कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर एवं कुलसचिव डॉ. नितिन मलिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों और पीएचडी शोधार्थियों की उपलब्धियों को मान्यता देकर अनुसंधान उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ाना था। इस अवसर पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शोध पुरस्कार विजेताओं को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उपराज्यपाल ने छात्रों के लिए मेरिट रिसर्च फेलोशिप और फैकल्टी रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए सीड मनी रिसर्च ग्रांट जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थापित शिक्षा, विकास और व्यापकता को प्रोत्साहित करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किए गए विभिन्न प्रावधानों की सराहना की। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार अनुसंधान दृष्टि और शैक्षणिक लक्ष्यों का अनुवाद करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए ध्यान को भी सराहा। ब्यूरो

## Dainik Jagran (Jagran City) Page No. 04 03.11.2022

# एयूडी ने शोधार्थियों और संकाय सदस्यों को किया सम्मानित



डा. बीआर आंबेडकर दिल्ली विश्वविद्यालय में अवार्ड सेरेमनी में संबोधित करते उपराज्यपाल वीके सक्सेना ● जागरण

### अनुसंधान पुरस्कार समारोह

जासं, नई दिल्ली : डा. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय (एयूडी) ने बुधवार को पहला अनुसंधान पुरस्कार समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 17 संकाय सदस्यों और 16 पीएचडी शोधार्थियों को शोध पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उन्होंने विवि प्रशासन द्वारा मेरिट रिसर्च फेलोशिप और फैकल्टी रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए सीड मनी रिसर्च ग्रांट जैसी योजनाओं की सराहना की। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुसार अनुसंधान दृष्टि और शैक्षणिक लक्ष्यों का अनुवाद करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए ध्यान को भी सराहा। कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों और पीएचडी शोधार्थियों की उपलब्धियों को मान्यता देकर अनुसंधान उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ाना था। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय एक समग्र और बहुआयामी दृष्टिकोण के माध्यम से सक्रिय रूप से नए शैक्षणिक चीजों के लिए खुद को तैयार कर रहा है। उन्होंने एयूडी में हो रहे विभिन्न शोध और शैक्षणिक परियोजनाओं के बारे में बताया। उच्च शिक्षा सचिव एलिस वाज आर, कुलसचिव डा. नितिन मलिक, शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।

**Hindustan Hindi Page No. 02  03.11.2022**

# उपराज्यपाल ने शिक्षकों को सम्मानित किया

नई दिल्ली। डॉ. बी.आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने प्रथम अनुसंधान पुरस्कार समारोह में शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शोध के लिए पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने विश्वविद्यालय की समृद्ध अनुसंधान संस्कृति पर प्रकाश डाला और पुरस्कार विजेताओं को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी।